# सूर्या फाउण्डेशन

## आदर्श गाँव योजना

SURYA FOUNDATION

## चयनित आदर्श गाँव
## कादीपुर- वाराणसी (उ.प्र.)

- सूर्या संस्कार केन्द्र
- सूर्या यूथ क्लब
- सूर्या सिलाई केन्द्र
- ग्राम सेवा समिति
- स्व-सहायता समूह
- ग्राम गौरव मेला
- वृक्षारोपण महाअभियान
- तालाबों का गहरीकरण
- स्वास्थ्य शिविर
- पशु चिकित्सा शिविर
- गौआधारित जैविक कृषि




suryafoundation1 | suryafnd | surya_foundation | suryafoundation

website : www.suryafoundation.org



# संदेश

## चेयरमैन की कलम से..

पद्मश्री
-जयप्रकाश

## मेरा गाँव, मेरा बड़ा परिवार

भारत गाँवों का देश है। आज भी लगभग तीन चौथाई जनसंख्या गाँवों में निवास करती है। अर्थव्यवस्था का केन्द्र गाँव ही है, खाद्यान्नों की निर्भरता गाँवों पर ही है। गाँव और जमीन पर तो निभरता बढ़ती ही जा रही है। गाँवों के विकास से मतलब गाँवों को शहरों में बदलना नहीं बल्कि गाँवों में सुविधाएँ बढाना है। गामवासियों के लिये कमाई, रोजगार के साधन, गाँव में ही उपलब्ध हो। वहाँ हर हाथ को काम हो और हर काम के लिये व्यक्ति उपलब्ध हो। गाँव स्वावलंबी बने। मुख्यत: हम चाहते हैं कि गाँव संस्कृति, आस्था और लोक-कलाओं के प्रमुख केन्द्र बनें।

## सूर्या फाउण्डेशन की उपलब्धियाँ

- ✓ पिछले 25 वर्षों में 2 लाख युवाओं के आवासीय व्यक्तित्व विकास शिविर- PDC
- ✓ देश में सरकारी तंत्र की कार्यशैली को ठीक करने के लिए वर्ष 2002 में सत्याग्रह।
- ✓ सन् 2006 में INO Big Programme जिसमें 3000 नैचुरोपैथी चिकित्सकों ने भाग लिया।
- ✓ 18 नवम्बर 2019, नैचुरोपैथी दिवस के दिन 702 लोगों को एक साथ, मिट्टी स्नान कराकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।
- ✓ पिछले तीन वर्षो में वृक्षारोपण महाअभियान के अन्तर्गत 18 राज्यों में 11,000 युवाओं द्वारा 1500 गाँव में 3.5 करोड़ पेड़ (फलदार, छायादार और औषधीय) लगाये गये।
- ✓ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2019 के अवसर पर 21 जून को 35 लाख लोगो को योगाभ्यास कराया गया।
- ✓ 2016 से प्रतिवर्ष 1,00,000 युवाओं की खेलकूद प्रतियोगिता एवं लघु व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन।
- ✓ 2010 से 500 आदिवासी बच्चों के लिए गुजरात में सूर्या एकलव्य सैनिक स्कूल का संचालन।
- ✓ 2018 से हस्तशिल्प कला प्रशिक्षण के माध्यम से 300 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया।
- ✓ 18 सिलाई केन्द्र के माध्यम से 400 बहनों को प्रशिक्षित किया गया।
- ✓ **जैविक कृषि सम्मेलन 2019-20 (एक दिवसीय)**- तीन राज्यों (हरियाणा, मध्य प्रदेश, सिलीगुड़ी-पश्चिम बंगाल) के 2000 से अधिक किसानों ने भाग लिया।



!! बोलो हमेशा तोल के हँसो दिल खोल के !!

# नशा से दूर होता कादीपुर गाँव

गाँव में आदर्श गाँव योजना का काम शुरू होते ही जानकारी मिली कि गाँव में शराब का सेवन करने वाले बहुत अधिक लोग हैं। जिस गाँव के लोग नशा करते हों, उस गाँव की आर्थिक स्थिति कभी ठीक नहीं हो सकती। गाँव के कार्यकर्ताओं के सहयोग से गाँव को नशा मुक्त करने की मुहीम शुरू की गयी। बच्चों, युवाओं, सेवाभावी कार्यकर्ताओं तथा महिलाओं के सहयोग से गाँव में विशाल रैली निकाली गयी। रैली में गाँव के 400 लोगों ने हिस्सा लिया। रैली में सभी लोगों ने नशा मुक्ति से जुड़े नारों का उद्घोष किया। रैली के बाद सभी नें एक साथ नशामुक्त होने का संकल्प लिया।

गाँव के लोग नशा से विमुख होने लगे। गाँव में चल रही शराब की दुकानों को गाँव के लोगों नें बन्द करा दिया, गाँव के कार्यकर्ताओं नें शराब पीने वाले लोगों से लगातार सम्पर्क करके उन्हे समझानें का काम किया। जिसके परिणाम स्वरूप आज कादीपुर गाँव में शराब पीने वालों की संख्या कम हुई है। अभी तक गाँव के कुल 12 लागों नें शराब छोड़ा है। जो युवा पहले खुले में शराब पीकर घूमते थे उनका घूमना बन्द हो गया है।



नशामुक्ति रैली निकालते हुए कादीपुर गाँव के युवा

# कादीपुर गाँव में हुए विभिन्न सेवा कार्य

- गाँव के 12 कार्यकर्ता अभी तक सूर्या फाउण्डेशन का प्रशिक्षण ले चुके हैं।
- लघु व्यक्तित्व विकास शिविरों के माध्यम से अब तक 210 बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया।
- खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से अब तक 180 युवाओं को खेल से जोड़ा गया।
- 5 स्वयं सहायता समूह के माध्यम से 90 महिलाओं को जनेऊ बनाने का रोजगार।
- सिलाई की दुकान, सब्जी की दुकान तथा बाइक रिपेयर की दुकान स्वरोजगार के लिए खुलवाई गई है।
- किसान गोष्ठी का आयोजन-150 किसानों ने भाग लिया। 10 किसान जैविक खेती कर रहे हैं।
- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गाँव के 300 लोगों को योग से जोड़ा गया।
- वर्ष में दो बार स्वास्थ्य परीक्षण शिविर होता है लगभग 300 लाभार्थी को लाभ मिलता है।
- 15 महिलाओं के सहयोग से कोरोना से बचाव के लिए 2000 मास्क वितरित किए गए।
- 100 परिवारों में निःशुल्क राशन, 200 सैनिटाइजर, डिटॉल और साबुन वितरण किया गया।
- 60 मजदूरों का लेबर कार्ड, 35 मजदूरों का बीमा कार्ड बनवाया गया।
- वृद्धा पेंशन-30, विधवा पेंशन-10, विकलांग पेंशन-02, ट्राई साइकिल-04 लोगों को दिलाया गया।

# शिक्षा – सूर्या संस्कार केन्द्र



**राम विलास**
**( शिक्षक )**

मैंने 2015 में सूर्या फाउण्डेशन से TPDC ट्रेनिंग की जिसमें मेरा शारीरिक व मानसिक विकास हुआ, जिसमें मुझे लगा कि मैं आगे चलकर अपने और अपने गाँव के लिए कुछ कर सकता हूँ। वहाँ से आने के बाद मैंने छोटे बच्चों को लेकर संस्कार केन्द्र शुरू किया और अब मैं केन्द्र पर गाँव के गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ाने के साथ–साथ योग सिखाने का काम भी करता हूँ। उनके माता–पिता भी बहुत खुश हैं कि अब उनके बच्चों को कुछ नया सीखने को मिलता है। मुझें भी गरीब बच्चों को पढ़ा कर बहुत ही प्रसन्नता होती है। मैं जब भी गाँव में घूमता हूँ तो लोग मुझे आदर भाव से अपने घर पर बैठाते हैं और बातें करते हैं।



**अरुण कुमार**
**( संस्कार केन्द्र )**

मेरा नाम अरुण कुमार है। कक्षा 4 का छात्र हूँ। मैं सूर्या बाल संस्कार केन्द्र पर नियमित पढ़ने जाता हूँ। मैं अपने केन्द्र के आसपास की साफ सफाई का ध्यान रखता हूँ। अपने संस्कार केन्द्र का स्वच्छता प्रमुख हूँ। भैया के आते ही प्रार्थना शुरू हो जाती है। हमें केन्द्र पर पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद और कहानियाँ भी बतायी जाती हैं। अपने माता–पिता का कहना मानना, उनका सहयोग करना और उनकी सेवा करना यह भी बताया जाता है। अब रोजाना मैं अपने माता–पिता को सुबह स्कूल जाते समय प्रणाम करता हूँ। मेरे माता–पिता बहुत ही खुश हैं।



# युवा निर्माण – सूर्या यूथ क्लब



सुरेन्द्र कुमार
(शिक्षक)

मैं सूर्या फाउण्डेशन द्वारा आदर्श गाँव कादीपुर में सूर्या युथ क्लब पर भारतीय खेल और योग कराता हूँ। केन्द्र पर 22 से 25 संख्या प्रतिदिन रहती है। केन्द्र पर आने वाले युवाओं का **"नवयुवक मंगल दल"** नाम से ब्लॉक में पंजीकरण कराया गया है। खेल के बाद 20 मिनट के लिए गाँव के बारे में चर्चा करते हैं। गाँव की साफ-सफाई व गाँव की समस्याओं जैसे विषयों पर सभी नवयुवक अपना विचार विमर्श करते हैं। अपने गाँव में नियमित शाखा लगाई जाती है जिसमें समय-समय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अधिकारियों का मार्गदर्शन मिलता रहता है। प्रतिवर्ष बड़े स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता में आस-पास के 22 गाँव की टीम कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आती हैं। जिससे गाँव में उत्साह रहता है। हमारे गाँव की महिला टीम एवं पुरुष टीम नें कबड्डी प्रतियोगिता में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीत कर मेडल प्राप्त किया है।

सूर्या यूथ क्लब में 2015 से कबड्डी खेल रहा हूँ। पहले कबड्डी खेलने में बहुत कठिनाईयाँ होती थी। प्रतिदिन के अभ्यास से कबड्डी खेलने में रूचि बढ़ी है। हम अपने गाँव से दूसरे गाँवों में भी जाकर कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते हैं और विजय हासिल करते हैं। सुरेन्द्र भैया ने हमारी टीम को बहुत सपोर्ट किया। और हम लोगों की अच्छी टीम बना दी है। सूर्या यूथ क्लब पर हमें अच्छी-अच्छी बातें सीखने को मिलती हैं। हम सभी ने अपने गाँव को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है।



विशाल कुमार
(यूथ क्लब खिलाड़ी)



!! खेलो खेल, बनो निरोग !!






किसान गोष्ठी कार्यक्रम

# कादीपुर गाँव में हुए कार्यक्रमों की झलकियाँ...




कौन बनेगा स्वास्थ्य रक्षक प्रतियोगिता के प्रतिभागी



गौ-आधारित उत्पाद की जानकारी देते हुए ललित अग्रवाल



वृक्षारोपण




कलश यात्रा

# महिला सशक्तिकरण- स्वयं सहायता समूह

गाँव में स्वावलंबन और महिला सशक्तीकरण हेतु पाँच स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है। अलग-अलग प्रकार की ट्रेनिंग कराई गई है। जिससे गाँव में स्वरोजगार बढ़े और महिलाएँ स्वावलंबी बनें। ऐसे कुछ महिला सदस्य का अनुभव...



सुमन गुप्ता

मैं सुमन गुप्ता माँ सरस्वती स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष हूँ। समूह में कुल 12 सदस्य हैं। जिसकी बैठक हर माह में चार बार होती है। माह की दूसरी बैठक में दिनाँक 16 तारीख को सभी महिला अपनी-अपनी बचत का पैसा एकत्र करती है। पैसा बैंक में जमा करने के बाद रसीद को फाइल में लगाते हैं। सभी महिला जनेऊ बनाने का काम करती है, प्रतिदिन 80 से 100 रुपये तक कमा लेती हैं जिससे घर की आवश्यक चीज की पूर्ति हो जाती है।

## सिलाई केन्द्र बना कोरोना से बचाव का साधन



माधुरी देवी
रविदास स्वयं सहायता
समूह अध्यक्ष

मैं आदर्श गाँव कादीपुर की रहने वाली हूँ। मैं रविदास स्वयं सहायता समूह की सदस्य हूँ, साथ ही साथ मैं सूर्या फाउण्डेशन द्वारा चलाए जा रहे सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र पर सिलाई सीख कर अपना खुद का काम कर रही हूँ, कोरोना वायरस से बचाव के लिए मास्क बनाने का कार्य चल रहा है। मैनें गाँव में 1000 मास्क बनाकर वितरण के लिए दिया। तथा आसपास के गावों के लिए 1000 मास्क बनाकर भेजा गया है। मुझे भी बहुत गौरव महसूस हुआ कि मैं भी समाज और गाँव के लिए सेवा करने के योग्य हूँ। इस काम में मुझे बहुत अच्छा लगता है।



# सूर्या सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र



रीमा देवी
सिलाई शिक्षिका

**मेरा नाम रीमा देवी है, मैं सूर्या फाउण्डेशन द्वारा संचालित सिलाई केन्द्र की शिक्षिका हूँ। मेरे केन्द्र पर 15 बहनें सिलाई सीखने आती हैं। इसके पहले 12 बहनों का एक बैच ट्रेनिंग ले चुका है। जिसमें से प्रत्येक ने अपना कपड़ा व अपनें परिवार के लिए कपड़े स्वयं सिलना सीख लिया है। सिलाई में होने वाले खर्च को बचा लेती हैं। इनमें से 10 बहनें सिलाई का काम कर रही हैं, प्रतिदिन 100-150 रू कमा लेती हैं। अब हम अपने पैरों पर खड़े होकर अपने परिवार के लिए आर्थिक मदद जुटा रही हैं।**

# गाँव आदर्श बनाने हेतु मुख्य आधार बिन्दु

1. **शिक्षा**- गाँवों की साक्षरता 100% सुनिश्चित करना। गाँव में सभी शिक्षित व संस्कारित हो।
2. **स्वास्थ्य**-योग, नैचुरोपैथी यानि प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद से, खान-पान से स्वस्थ बनें।
3. **स्वावलंबन**-स्व-सहायता समूह द्वारा महिलाओं एवं पुरूषों को रोजगार देना।
4. **स्वच्छता**-गाँव, घर साफ-सुथरा हो, घर-घर में शौचालय हो। सभी मिलकर श्रमदान करें।
5. **समरसता**-सभी जाति, वर्ग के लोग मिल-जुलकर रहें, आपसी भाईचारा बढ़े।
6. **सेवा**- नर सेवा-नारायण सेवा। समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव। दूसरों का भला सोचें।
7. **स्कीम**-सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति, परिवार को मिले ऐसा प्रयास करें
8. **स्पोर्ट्स ( खेलकूद )**-युवा शक्ति को खेलकूद, व्यायाम के माध्यम से सबल व अनुशासित बनाना।

# सेवाभावी : अनुभव

**गाँव के प्रतिष्ठित, सम्मानित व सेवा कार्यों में रुचि रखने वाले लोगों को सूर्या फाउण्डेशन द्वारा प्रशिक्षित कर उन्हें गावों में संचालित गतिविधियों की जिम्मेदारी देते हैं। वे गार्जियन के रूप में अपनी भूमिका निभाते हैं। ऐसे ही सेवाभावी कार्यकर्ताओं के कुछ अनुभव...**



अंकुश कुमार
सेवाभावी

मेरा नाम अंकुश कुमार है। मैं आदर्श गाँव कादीपुर का रहने वाला हूँ। 2019 में सूर्या फाउण्डेशन के माध्यम से सूर्या साधना स्थली झिंझोली में सेवाभावी कैम्प करने का मौका मिला। जब हम झिंझोली आश्रम पहँचे तो मुझे बहुत ही अच्छा वातावरण देखने को मिला। और मुझे वहाँ पर 5 दिन का कैम्प करने में बहुत मजा आया। जब वहाँ से कैम्प करने के बाद अपने गाँव में आया तो मुझे गाँव के लिए काम करने का अच्छा अवसर मिला। अपने गाँव को सुन्दर और साफ-सुथरा बनाने के लिए आदर्श गाँव कादीपुर की टोली के नौजवानों के साथ मिलकर अपने गाँव में **स्वच्छता अभियान** चलाया गया। गाँव के सार्वजनिक स्थान, मंदिर, खेलकूद मैदान को साफ और सुन्दर बनाने का कार्य किया।

सूर्या फाउण्डेशन द्वारा मिली यह प्रेरणा से हमने अपने गाँव में शिक्षा के लिए भी काम किया, प्राथमिक विद्यालय में अच्छी पढ़ाई होती है। यह सब कार्य सबके साथ मिलकर करने में अच्छा लगता है। गाँव में समाज की सेवा करने से मान-सम्मान बढ़ा है, लोगों का स्नेह मुझे मिला। यह सब कार्य करने के लिए मुझे सूर्या फाउण्डेशन से प्रेरणा मिली है।

# सेवा कार्यों में लगे कार्यकर्ता

| क्रम | नाम | दायित्व | मोबाइल |
|---|---|---|---|
| 1 | कुलदीप मोहन शर्मा | क्षेत्र प्रमुख | 9476521105 |
| 2 | दीपचन्द कुमार | पूर्णकालिक कार्यकर्ता | 9140936723 |
| 3 | राम बिलास | संस्कार केन्द्र शिक्षक | 8318874629 |
| 4 | सुरेन्द्र कुमार | यूथ क्लब शिक्षक | 8009965810 |
| 5 | रीमा देवी | सिलाई शिक्षिका | 9125341598 |
| 6 | अश्वनी कुमार | सेवाभावी | 70074480696 |
| 7 | संतोष कुमार | सेवाभावी | 8182813985 |
| 8 | श्रीराम | सेवाभावी | 8922977112 |
| 9 | प्रदीप कुमार | सेवाभावी | 8565933186 |
| 10 | संतलाल भाटी | सेवाभावी | 7355905988 |
| 11 | सुरेश कुमार | सेवाभावी | 6351921867 |



!! कर्म ही पूजा है !!

# आदर्श गाँव की ओर बढ़ता
# गाँव – कादीपुर



दीपचन्द
सेवा कार्यकर्ता
गाँव : कादीपुर

उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी (वाराणसी) शहर से महज 14 कि.मी. दूरी पर कादीपुर गाँव है। कादीपुर गाँव में सूर्या फाउण्डेशन (एक सामाजिक संस्था) ने 2012 में सूर्या संस्कार केन्द्र एवं सूर्या यूथ क्लब की शुरुआत की। बाद में गाँव की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कादीपुर गाँव को 'चयनित आदर्श गाँव' में शामिल किया गया।

गाँव में ग्राम विकास समिति का गठन कर ग्राम विकास के कार्यों पर फोकस किया गया। गाँव के लिए समर्पित युवा तथा सेवाभावी कार्यकर्ताओं को सूर्या साधना स्थली झिंझोली में प्रशिक्षण दिलाया गया, उन्ही के सहयोग से गाँव में श्रमदान, ग्राम गौरव मेला, स्वयं सहायता समूह, सरकारी योजनाओं का लाभ आदि प्रकार के सेवाकार्यों का प्रारंभ किया गया। आज आदर्श गाँव कादीपुर में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलम्बन, समरसता, संस्कार व सुरक्षा के प्रति ग्रामवासी जागरुक हैं। गाँव के लोगों में आपसी भाईचारा है, सहयोग की भावना से मिलकर काम करते हैं।

गाँव में सरकारी योजनाओं का लाभ किसान मानधन योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जनधन योजना का लाभ गरीबों तक 100 प्रतिशत पहुँचाया गया है। सेवाभावियों के साथ चर्चा कर गाँव में आँगनबाड़ी केन्द्र शुरू करने के लिए बाल विकास अधिकारी को पत्र देकर गाँव में आँगनबाड़ी केन्द्र का शिलान्यास किया गया। वृक्षारोपण, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, खेलकूद प्रतियोगिता प्रतिवर्ष कराया जाता है, जिससे गाँव के लोगों में एक अच्छा उत्साह देखने को मिलता है।

ग्राम विकास समिति के द्वारा गाँव में शिवरात्रि मेला का आयोजन भव्यता से किया जाता है। महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए 'ओम नमः शिवाय स्वयं सहायता समूह' का गठन किया गया, इस समूह के माध्यम से आँवला का मुरब्बा बनाने का रोजगार कर रही हैं। साथ ही साथ गाँव की 90 महिलाओं को जनेऊ बनाने का काम समूह के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है। जनेऊ बनाने वाली महिलाएँ 100 रुपये प्रतिदिन कमा लेती हैं। यह समाज में एक प्रेरणा का केन्द्र बना है।

# समाचार पत्रों में कादीपुर गाँव की झलकियाँ

## सूर्या फांउडेशन खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं का कर रहा विकास-सिंह



**चेतना समाचार सेवा**

**वाराणसी।** सूर्या फाउंडेशन द्वारा आदर्श गांव कादीपुर में खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत अंतर्गत कबड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सिंह महिला संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा पांडे तथा भाजपा के रोहनिया मंडल के अध्यक्ष विक्रम पटेल तथा ग्राम प्रधान प्रदीप पटेल तथा पूर्व बीडीसी राम लखन राजभर,विशाल साहनी, डॉ संतोष कुमार बिंद तथा सूर्या फाउंडेशन के क्षेत्र प्रमुख कुलदीप मोहन शर्मा ने किया ।

मुख्य अतिथि मनीष सिंह ने कहा कि सूर्या फाउंडेशन के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं का विकास हो रहा है ।कबड्डी प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं के अंदर साहस का निर्माण होता है । आज कबड्डी पूरे विश्व के अंदर खेला जाने वाला खेल है । कबड्डी के द्वारा युवाओं का शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है ।

सूर्या फाउंडेशन काशी क्षेत्र प्रमुख कुलदीप कुमार शर्मा ने बताया कि सूर्या फाउंडेशन के द्वारा भारत के १८ राज्यों में खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से १००००० युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य सूर्या फाउंडेशन ने लिया है सूर्या फाउंडेशन के चेयरमैन जयप्रकाश अग्रवाल द्वारा युवाओं के शारीरिक तथा मानसिक विकास के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सूर्या फाउंडेशन के द्वारा किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को बाहर निकालने का अवसर प्राप्त होता है तथा जिससे की आज के युवा कल का भविष्य बन सकें। कार्यक्रम की कमेंट्री विकास कमेंट्री विकास राय ने की तथा रेफरी रमेश उर्फ पप्पू व राजेश बिंद ने की ।




सूर्या फाउंडेशन की ओर से सोमवार को निकाली गयी नशामुक्त रैली। • हिन्दुस्तान

## कादीपुर में निकाली गई रैली

**रोहनियां।** सूर्या फाउंडेशन की ओर से सोमवार को काशी विद्यापीठ विकास खंड के कादीपुर गांव में नशामुक्त के लिए रैली निकाली गई। इस दौरान कादीपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब चन्द्र, ग्रामसेवक दीपचंद बिंद, रामविलास एव सूर्या फाउंडेशन के श्रेयश सिंह मौजूद रहे।

## जैविक खेती अपनाएं किसान : विधायक



रोहनिया /वाराणसी। किसान जैविक खेती की ओर ध्यान दें। जैविक कार्बनिक खेती से हम खेतों की उत्पादकता में वृद्धि कर सकते हैं। उक्त बातें बुधवार को रोहनिया विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह ने कादीपुर गांव स्थित किसान गोष्ठी में कही। उन्होंने कहा कि जैविक व कार्बनिक खेती से हम अपने खेतों की उर्वरा शक्ति स्थिर रख सकते हैं। सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अजय सिंह मुन्ना ने किसानों को अपने खेतों में कृषि अवशेष को न जलाने की सलाह दी। इस अवसर पर कल्लू मिश्रा, सूर्या फाउंडेशन के भरत राज, श्रेया व विकास समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## कर्दमेश्वर महादेव कंदवा को कबड्डी में प्रथम स्थान

राजातालाब। कादीपुर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पुरुष कबड्डी में कर्दमेश्वर महादेव कबड्डी टीम कंदवा प्रथम स्थान और समता स्पोर्टिंग क्लब द्वितीय स्थान पर रही। बालिका वर्ग में कादीपुर की टीम विजेता और उपविजेता गठिया की टीम रही। 100 मीटर की दौड़ की विजेता रागिनी को पुरस्कृत किया गया। महिला समूह को सूर्या फाउंडेशन की ओर से सिलाई मशीन भेंट की गई। समारोह में राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु ने कहा कि खेल से युवाओं में जुड़ाव होता है। समारोह को हंसराज विश्वकर्मा, अरविंद, केएन तिवारी, राजेश्वर पटेल, सूर्या फाउंडेशन के काशी क्षेत्र प्रमुख कुलदीप कुमार शर्मा ने भी संबोधित किया।

## कादीपुर में प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण

**चेतना समाचार सेवा**

**वाराणसी।** सूर्या फाउंडेशन के तत्वाधान मेंआदर्श गांव कादीपुर में प्राथमिक विद्यालय मैं वृक्षारोपण किया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह ने बताया कि वृक्ष हमें फ्ल देते हैं तथा लकड़ी देते हैं तथा ऑक्सीजन देते हैं ।ग्राम विकास अधिकारी संजय सोनकर ने बताया कि वृक्ष लगाने से जल का संरक्षण होता है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रदीप पटेल ग्राम सेवक बिहारी लाल एवं शिक्षक अश्वनी सूर्या फाउंडेशन के दीपचंद बिंद आदि के माध्यम से विद्यालय के बच्चों के साथ वृक्षारोपण किया गया।